# बीसीसीआई ने बुमराह को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नहीं बनाकर सही किया : पोंटिंग

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** पोंटिंग ने बुमराह की चोट पर राय रखी और कहा कि बीसीसीआई ने बुमराह को कप्तानी नहीं देकर सही किया है। रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद शुभमन गिल को लाल गेंद के प्रारूप का कप्तान बनाया गया है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि बीसीसीआई ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारतीय टेस्ट टीम की कमान नहीं सौंपकर सही किया है। पोंटिंग का कहना है कि चोट की समस्याएं बुमराह को पीछे धकेल रही हैं। बुमराह 2022 से चोट से जूझ रहे हैं जिस कारण उन्होंने 2023



में 11 महीने बाद वापसी की थी।

वापसी के बाद बुमराह ने टी20 विश्व कप 2024 और कुछ टेस्ट मैचों में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट के दौरान बुमराह फिर चोटिल हो गए थे। पोंटिंग ने बुमराह की चोट पर राय रखी और कहा कि बीसीसीआई ने बुमराह को कप्तानी नहीं देकर सही किया है। रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद शुभमन गिल को लाल गेंद के प्रारूप का कप्तान बनाया गया है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, मुझे लगता है कि यह सही कदम है। मुझे पता है कि बहुत से लोग, क्रिकेट विशेषज्ञ कह रहे हैं कि उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि बुमराह को क्यों नहीं चुना गया और उन्होंने शुभमन को क्यों कप्तानी दी हई, लेकिन मुझे लगता है कि यह बहुत सरल है।

# विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप में अनाहत और अभय ने की जीत से शुरुआत, भारत का दमदार आगाज

**शिकागो (अमेरिका)(एजेंसी)।** भारत की युवा खिलाड़ी अनाहत सिंह ने दुनिया की 28वें नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी मरीना स्टेफानोनी को हराकर विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। दुनिया में 62वें नंबर की 17 वर्षीय अनाहत ने पहले गेम में हार से उबरते हुए इस टूर्नामेंट के महिला सिंगल्स के शुरुआती दौर में 10-12, 11-9, 6-11, 11-6, 11-6 से जीत हासिल की।

अनाहत को अगले दौर में दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी फायरोज



अबोएलखिर की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा, जिन्होंने इस 656,500 अमेरिकी डालर इनामी टूर्नामेंट के पहले दौर के मुकाबले में मिस्त्र की हाना मोताज को 3-1 से हराया। वहीं, भारत के अभय सिंह ने भी जीत से शुरुआत करते हुए दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी निकोलस मुलर को बाहर का रास्ता दिखाया।

विश्व में 38वीं रैंकिंग के खिलाड़ी अभय सिंह ने पुरुष सिंगल्स के अपने शुरुआती दौर के मैच में अपने स्विस प्रतिद्वंद्वी को 11-7, 2-11, 11-7, 11-6 से हराया। अभय सिंह का अगला मुकाबला मिस्त्र के विश्व में 13वें नंबर के खिलाड़ी यूसुफ इब्राहिम से होगा।

# शुभमन गिल की कप्तानी में इंग्लैंड पहुंची टीम इंडिया, खिलाड़ियों के हौसले बुलंद

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

भारत और इंग्लैंड की क्रिकेट टीमों बीच 20 जून से 5 मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होने जा रही है। इसके लिए शनिवार को टीम इंडिया लंदन पहुंच गई। टीम इंडिया के लिए इंग्लैंड का दौरा हमेशा से चुनौतीपूर्ण रहा है। इस सीरीज में विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज नहीं खेल रहे हैं। ऐसे में टीम इंडिया के लिए मुश्किलें कम नहीं हैं। भारतीय टीम नए कप्तान शुभमन गिल की कप्तानी में टेस्ट सीरीज खेलने उतरेगी। यशस्वी जायसवाल के साथ केएल राहुल को ओपनिंग में उतारा जा सकता है। राहुल ने इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ शानदार शतक ठोककर इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ओपनर का दावा पेश किया है।

बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर टीम के लंदन पहुंचने का वीडियो पोस्ट किया है। बीसीसीआई ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'यूके पहुंच गए हैं। टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए पहुंच गई है।' बीसीसीआई के 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट किए गए वीडियो में यूके पहुंचकर भारतीय खिलाड़ी काफी कूल नजर आ रहे हैं। इंग्लैंड की परिस्थितियों में लंबे दौरे के लिए टीम पूरी तरह से तैयार और उत्साहित दिख रही है। इंग्लैंड रवाना होने से पहले नए टेस्ट कप्तान



शुभमन गिल ने पिछले महीने टेस्ट फॉर्मेट से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के बिना खेलने की चुनौतियों पर बात की थी। भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने गुरुवार को रवाना होने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मुझे लगता है कि हर बार जब आप मैच खेलते हैं या दौरा शुरू करते हैं, तो दबाव होता है। ऐसे में हर सीरीज से पहले दबाव होता है, लेकिन यहां कोई अतिरिक्त दबाव नहीं होगा। रोहित और विराट बहुत अनुभवी खिलाड़ी हैं और उनकी जगह भरना बहुत मुश्किल है, बतौर टीम हमारे पास बहुत अनुभव है। हमने बहुत सारे मैच खेले हैं। खिलाड़ी और टीम सभी दबाव के आदी हैं। हम इतने अनुभवहीन खिलाड़ी नहीं हैं। हमारी टीम में बल्लेबाजी और गेंदबाजी का कॉम्बिनेशन बहुत अच्छा है।' कप्तान शुभमन गिल ने अभी तक तय नहीं किया है कि वह किस नंबर पर बैटिंग करेंगे। उन्होंने पिछले दौरों में ओपनिंग के अलावा नंबर-3 पर भी बल्लेबाजी की है।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम करीबी मुकाबले में नीदरलैंड से 2-1 से हारी

**अम्स्टेलवीन(एजेंसी).**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में एम्सटेलवीन के वैगनर स्टेडियम में नीदरलैंड से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह ने 19वें मिनट में एकमात्र गोल किए। रैंकिंग में पहले नंबर पर काबिज नीदरलैंड के लिए थिज डैम वैन (25वें और 58वें मिनट में) ने दो गोल किए। भारत 2025 स्न्ड्ड॥ प्रो लीग टेबल में नौ मैचों में 15 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है।

भारत बनाम नीदरलैंड मैच का पहला क्वार्टर गोलरहित रहा। इस क्वार्टर में एफआईएच वर्ल्ड रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज भारत ने अच्छी शुरुआत की और जल्द ही पहला गोल करने का शानदार मौका हासिल किया, लेकिन नीदरलैंड के डिफेंस के आगे सफलता नहीं मिली। भारत ने शुरुआत में गेंद पर अपनी पकड़ बनाए रखी, लेकिन नीदरलैंड ने अपने




शानदार डिफेंस की बदौलत गोल करने का कोई मौका नहीं दिया।

दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने अपना-अपना खाता खोला। जहां भारत ने गेंद पर अपनी पकड़ मजबूत रखी और मैच के 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर अपना खाता खोला। जहां हरमनप्रीत सिंह ने ड्रैग फ्लिक की मदद से भारत को 1-0 से बढ़त दिलाई। लेकिन छह मिनट बाद ही नीदरलैंड ने इसका पलटवार करते हुए स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। थिज डैम वैन ने 25वें मिनट में भारतीय डिफेंस को चकमा देते हुए फील्ड गोल किया। इससे पहले भारतीय हॉकी टीम ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील होने से रोका था। इस तरह पहले हाफ की समाप्ति तक दोनों टीमें 1-1 के स्कोर के साथ बराबरी पर रहीं।

दूसरे हाफ की शुरुआत नीदरलैंड ने आक्रमक खेल के साथ की, लेकिन भारतीय डिफेंस ने नीदरलैंड को कोई भी गोल करने का मौका नहीं दिया और इस तरह तीसरा क्वार्टर गोलरहित रहा। वहीं, चौथे क्वार्टर में भी नीदरलैंड ने अपना अटैक करना जारी रखा जबकि भारतीय पुरुष टीम मौके बनाने में चूक गई।

# क्रिकेटर रिंकू सिंह को मिली सांसद दुल्हनिया



**लखनऊ, (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी (सपा) की युवा सांसद प्रिया सरोज रविवार, 8 जून को सगाई के बंधन में बंध चुके हैं। यह रिंग सेरेमनी लखनऊ में आयोजित हो रही है, जिसमें खेल, राजनीति और फिल्म जगत की कई नामचीन हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। ऐसे में आज इस लेख में हम आपको बताएंगे कितनी पढ़ी लिखी है रिंकु सिंह की मंगेतर प्रिया सरोज।



## प्रिया सरोज का शैक्षणिक सफर

प्रिया सरोज देश की सबसे युवा सांसदों में से एक हैं। उनका जन्म 23 नवंबर 1998 को वाराणसी में हुआ था। वे उत्तर प्रदेश के पूर्व सांसद और वर्तमान विधायक तूफानी सरोज की बेटी हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा दिल्ली के एयर फोर्स गोल्डन जुबली इंस्टीट्यूट से पूरी की।

इसके बाद प्रिया ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से स्नातक किया, हालांकि उनके कॉलेज का नाम सामने नहीं आया है। ग्रेजुएशन के बाद उन्होंने एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा से कानून की पढ़ाई पूरी की और अब वे एक प्रैक्टिसिंग वकील भी हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में मछलीशहर सीट से जीत दर्ज कर वे संसद पहुंचीं और देश की दूसरी सबसे युवा सांसद बनीं।

## क्रिकेटर रिंकू सिंह की पढ़ाई

दूसरी ओर, टीम इंडिया के उभरते क्रिकेट स्टार रिंकू सिंह की पढ़ाई को लेकर अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने 9वीं कक्षा तक की पढ़ाई की है। आर्थिक तंगी और पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते रिंकू को स्कूल छोड़ना पड़ा था। लेकिन कठिन संघर्षों के बाद आज वे भारतीय क्रिकेट के चमकते सितारे बन चुके हैं। रिंकू और प्रिया की यह जोड़ी न केवल पर्सनल लाइफ में बल्कि अपने-अपने क्षेत्र में भी लोगों के लिए प्रेरणा बन गई है।

# मार्क मार्केज का शानदार प्रदर्शन, आरागॉन लैप रिकॉर्ड तोड़ा

**आरागॉन (स्पेन) (एजेंसी)।**

डुकाटी के मार्क मार्केज़ ने आरागॉन ग्रैंड प्रिक्स में एक नया लैप रिकॉर्ड बनाया, अपने करियर का 99वाँ पोल पोज़िशन हासिल किया। भाई एलेक्स और फ्रेंको मोरबिडेली द्वारा क्षण भर के लिए पीछे रह जाने के बावजूद, मार्क की आक्रामक ड्राइव ने उन्हें सीज़न का पाँचवाँ पोल दिलाया, जिससे उन्हें संभावित सातवीं MotoGP जीत हासिल हुई। मार्केज़ ने एक मिनट और 45.704 सेकंड का शानदार लैप पूरा किया, जिसमें उनकी लाल





डुकाटी मोटरलैंड सर्किट के मोड़ पर फिसलती हुई आगे बढ़ी। शुरुआत में, उन्होंने एक मिनट और 46 सेकंड से कम समय में अपनी गति तय की, लेकिन शीर्ष स्थान हासिल करने से पहले उन्हें एलेक्स और मोरबिडेली से चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

मार्क ने बताया कि यह लैप उनके करियर का सबसे सहज लैप नहीं था, फिर भी आरागॉन में रिकॉर्ड-बढ़ाने वाली सातवीं मोटोजीपी जीत के लिए उन्हें पसंदीदा के रूप में स्थापित करने के लिए यह आवश्यक था। जैसे-जैसे रेस का दिन नजदीक आ रहा था, फ्रांसेस्को बैगनिया, पेड्रो अकोस्टा और ब्रैड बाइंडर सहित टीम के साथी और प्रतियोगी तनावपूर्ण रविवार को दूसरी पंक्ति की चुनौती पर नज़र गड़ाए हुए थे।

# प्रथम हरियाणा राज्य रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू

**सोनीपत,(एजेंसी)।** प्रथम हरियाणा राज्य रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता के शनिवार को रंगारंग आगाज हुआ। मलिक अकादमी में आयोजित प्रतियोगिता 10 जून तक चलेगी जिसमें राज्यभर से श्रेष्ठ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पहले दिन पार्थ चावला, देव सिंगला, लक्ष्य मलिक व तन्मय मेहता ने अपने-अपने मुकाबले जीते।

हरियाणा राज्य बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव अजय सिंघानिया ने बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया तो डीएसपी विजिलेंस विपिन कादियान गेस्ट ऑफ ऑनर रहे।

ककरोई रोड स्थित मलिक अकादमी में शनिवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव अजय कुमार सिंघानिया ने बताया कि प्रतियोगिता में सीनियर और जूनियर वर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

# खेल प्रतिभाओं को मिलेगा सम्मान

**पटना, एजेंसी।** बिहार सरकार ने राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए एक बार फिर से बड़ा अवसर प्रदान किया है। हर साल की तरह इस बार भी राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

**10 जुलाई तक चलेगी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया**

11 जून दोपहर 12 बजे से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के पोर्टल पर शुरू होगी, जो 10 जुलाई तक चलेगी। योग्य खिलाड़ी, कोच, खेल संघ और खेल अधिकारियों को पोर्टल पर जाकर आवेदन करना होगा। यह सम्मान समारोह 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के बीच हुए नेशनल और इंटरनेशनल खेलों में प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए होगा। खिलाड़ियों के द्वारा किए गए सभी आवेदन और प्रस्तुत प्रमाणपत्रों की जांच एक स्क्रूटनी कमेटी द्वारा की जाएगी।

# आदित्य के दोहरे प्रदर्शन से क्रिकिंगडम अकादमी की जीत

**भोपाल (खेप्र)। स्व. जीएस पठानिया स्मृति अंडर-15 बालक प्रतियोगिता में क्रिकिंडम अकादमी ने रोमांचक मैच में एनसीसीसी को 4 रन से हरा दिया।**

अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी द्वारा भेल स्थित जवाहर लाल नेहरू स्कूल में क्रिकिंगडम क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

क्रिकिंगडम क्रिकेट अकादमी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर 5 विकेट खोकर 219 रन बनाए। आदित्य ने 92 रन बनाए जबकि दीर्घ ने



50 रन का योगदान दिया। एनसीसीसी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सोम, निखिल, कृष्णा और श्रेयांश ने 1-1 विकेट लिया।

जवाबी पारी खेलने उतरी एनसीसीसी की टीम 30.4 ओवर में 155 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। सोम ने 40 रन, एकांश ने 38 रन बनाए। क्रिकिंगडम क्रिकेट अकादमी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए विधान ने 29 रन देकर 3 विकेट, आदित्य ने 34 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि यशराज ने 32 रन देकर 2 विकेट लिए। इस तरह क्रिकिंगडम क्रिकेट अकादमी ने 64 रन से जीत हासिल करी। आदित्य को दोहरे प्रदर्शन के लिए मेन ऑफ़ द मैच चुना गया।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो काफी संपर्क के बावजूद क्लब विश्व कप नहीं खेलेंगे

अल-नास्सर और पुर्तगाल के फारवर्ड क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी संयुक्त राज्य अमेरिका में क्लब विश्व कप में खेलने की कोई योजना नहीं है, हालांकि 32 टीमों के विस्तारित टूर्नामेंट में भाग लेने वाले क्लबों की रुचि है। 40 वर्षीय खिलाड़ी के भविष्य को लेकर अटकलें पिछले महीने तब तेज हो गईं जब फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने क्लब विश्व कप में रोनाल्डो की संभावित भागीदारी के बारे में चल रही चर्चाओं का उल्लेख किया, हालांकि अल-नास्सर ने इसके लिए क्वालीफाई नहीं किया था।

पिछले महीने अल-नास्सर के खेल निदेशक फर्नांडो हिएरो ने पुष्टि की थी कि वे रोनाल्डो के साथ अनुबंध विस्तार के लिए बातचीत कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि पांच बार बैलन डी ओर विजेता रोनाल्डो को हासिल करने के



लिए उन्हें कई क्लबों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है।

अनिश्चितता को और बढ़ाते हुए, रोनाल्डो ने अल-नसर के अल-फतेह के खिलाफ़ सीज़न के अंतिम मैच के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट किया- यह अध्याय समाप्त हो गया है। कहानी? अभी भी लिखी जा रही है। इस महीने के अंत में क्लब विश्व कप में भाग लेने के लिए किसी अन्य क्लब में शामिल होने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर रोनाल्डो ने संवाददाताओं से कहा: यह अप्रासंगिक है; इस समय, राष्ट्रीय टीम के अलावा किसी अन्य चीज़ पर चर्चा करना समझदारी नहीं है। क्लबों से बहुत सारे संपर्क हुए हैं। मुझे कुछ प्रस्ताव समझ में आते हैं और कुछ नहीं। आप सभी के पास नहीं जा सकते; आपको छोटी, मध्यम और लंबी अवधि की योजनाओं पर विचार करना होगा। मैंने व्यावहारिक रूप से यह निर्णय ले लिया है कि मैं क्लब विश्व कप में भाग नहीं लूंगा, हालांकि मुझे कई निमंत्रण मिले हैं।

बुधवार को रोनाल्डो के विजयी गोल की मदद से पुर्तगाल ने जर्मनी को 2-1 से हराकर स्पेन के खिलाफ नेशंस लीग फाइनल में जगह पक्की कर ली। कई लोगों ने रविवार के फाइनल को रोनाल्डो और 17 वर्षीय बार्सिलोना के प्रतिभाशाली खिलाड़ी लामिन यामल के बीच मुकाबला माना था, लेकिन पुर्तगाली फारवर्ड ने इस कहानी को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, यह हमेशा से ऐसा ही रहा है। जब भी मैंने फुटबॉल या कोई बड़ा मैच खेला है, तो हमेशा क्रिस्टियानो का सामना इस या उस खिलाड़ी से होता है। 20 साल से ज़्यादा हो गए हैं, और यह अभी भी वैसा ही है। अब यह मुझे परेशान नहीं करता; यह सामान्य है।